भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2827**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान**

2827. श्री मलैयारासन डी.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश के 27 आकांक्षी जिलों के लिए प्रधान मंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का जिला संस्करण शुरू किया है;

(ख) योजना के इस जिला स्तरीय संस्करण के उद्देश्य क्या हैं और इसमें किन-किन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया गया है;

(ग) इन जिलों में योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) इन जिलों में अवसंरचना विकास और आर्थिक विकास पर इस योजना का क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को मुख्य रूप से सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) द्वारा देखा जाता है।

सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। सभी आकांक्षी जिले एनएच नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान पोर्टल को देश के 27 आकांक्षी जिलों में परीक्षण संस्करण के तौर पर 15.10.2024 को शुरू किया गया है। पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान पोर्टल आर्थिक और सामाजिक अवसंरचना नियोजन के साथ-साथ जिला स्तर पर मास्टर प्लान तैयार करने के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी आधारित प्लेटफॉर्म है। समर्पित पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान पोर्टल का विकास, जिले में नियोजन के लिए विशिष्ट उपकरण विकसित करना, जिला अधिकारियों का उन्मुखीकरण और क्षमता निर्माण इन जिलों में योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम हैं। पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान पोर्टल का विकास व्यापक एकीकृत जिला

स्तरीय नियोजन के लिए डेटा आधारित निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि जिला स्तर पर अवसंरचना का विकास राज्य और राष्ट्रीय विकास उद्देश्यों के अनुरूप संरेखित एक सुव्यवस्थित योजनाबध्द पध्दति का पालन करता है। यह सरकार के विभिन्न स्तरों पर सामंजस्य और तालमेल को बढ़ावा देता है, जिससे लक्षित निवेश निर्णय लेने में मदद मिलती है जो स्थानीय जरूरतों और संभावनाओं का समाधान करते हैं। आकांक्षी जिलों को संर्पकता प्रदान करने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों  सहित राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सभी राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाओं की योजना पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) सिद्धांतों के अनुरूप बनाई गई है।

*****